(14

बिहार राज्य पथ परिवहन निगम

(बिहार सरकार का उपक्रम)

परिवहन परिसर, फुलवारीशरीफ, पटना–14

विज्ञापन सं० ......06...... पटना, दिनांक ......04/06/26......

आवश्यकता

बिहार राज्य पथ परिवहन निगम, परिवहन परिसर, फुलवारीशरीफ, पटना द्वारा मुख्यालय कार्यालय एवं प्रक्षेत्र कार्यालय हेतु निम्नांकित पदों पर संविदा के आधार पर नियोजन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। यह नियोजन योगदान की तिथि से 01 वर्ष के लिए किया जाएगा। आवश्यकतानुसार सेवा अवधि बढ़ायी/घटायी जा सकती है। पद का विवरण निम्नवत् है :–

क्र०सं०	पद का नाम	पद की सं०	प्रतिमाह मानदेय	योग्यता एवं अनुभव	आयु सीमा
1	लेखा पदाधिकारी / वरीय अंकेक्षक	02	₹35,000/-	महालेखाकार या बिहार राज्य वित्त अंकेक्षण सेवा से सेवानिवृत लेखा पदाधिकारी / वरीय अंकेक्षक।	दिनांक 01.01.2026 को उम्र 62 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
2	लेखापाल	06	₹30,000/-	महालेखाकार या बिहार राज्य वित्त अंकेक्षण सेवा से सेवानिवृत लेखापाल / अंकेक्षक।	दिनांक 01.01.2026 को उम्र 62 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

1. संविदा के आधार पर सेवा देने के इच्छुक अभ्यर्थी के लिए बायो–डाटा का प्रपत्र संलग्न है, जिसे अभ्यर्थी द्वारा भर कर जमा करना होगा।
2. अलग–अलग पद के लिए अलग–अलग प्रपत्र भर कर जमा करना होगा।
3. क्रमांक–1 लेखा पदाधिकारी/वरीय अंकेक्षक के लिए अनारक्षित/ आरक्षित पद का विवरण :–
   (i) अत्यंत पिछड़ा वर्ग– 01
   (ii) अनुसूचित जाति– 01
4. क्रमांक–2 लेखापाल के लिए अनारक्षित/ आरक्षित पद का विवरण :–
   (i) अनारक्षित– 01
   (ii) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग– 01
   (iii) पिछड़े वर्ग की महिला–01
   (iv) अत्यंत पिछड़ा वर्ग– 01
   (v) अनुसूचित जाति– 01
   (vi) अनुसूचित जनजाति– 01
5. बायो–डॉटा हेतु संलग्न प्रपत्र के साथ 01 पासपोर्ट साईज नवीनतम फोटो, संगत साक्ष्य/ अनुभव प्रमाण–पत्र, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र, आरक्षित कोटि के अनुसार आय एवं परि–सम्पति प्रमाण–पत्र/जाति प्रमाण–पत्र की स्व अभि–प्रमाणित प्रति (कॉपी), बिहार राज्य पथ परिवहन निगम, परिवहन परिसर, फुलवारीशरीफ, पटना–14 के पत्ते पर दिनांक 25.06.2026 अपराह्न 03.00 बजे तक स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक के माध्यम से भेजें।
6. अभ्यर्थी के विरुद्ध कोई आपराधिक वाद/निगरानी वाद/विभागीय कार्यवाही लंबित नहीं होने के संबंध में स्वलिखित घोषणा–पत्र आवेदन के साथ संलग्न करेंगे।
7. अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन–पत्रों की जाँच के उपरान्त साक्षात्कार हेतु बुलाया जायेगा। साक्षात्कार हेतु निगम द्वारा कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
8. सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प संख्या 963 दिनांक 20.01.2016 के अनुसार महिला अभ्यर्थियों की अनुपलब्धता की स्थिति में संगत कोटि (आरक्षित/गैर आरक्षित) के पुरुष अभ्यर्थियों से पदों को भरा जा सकेगा।
9. नियोजन हेतु चयनोपरान्त अभ्यर्थियों को योगदान के समय सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण–पत्र एवं असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत स्वास्थ्य प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।
10. यह विज्ञापन किसी भी समय रद्द करने का अधिकार निगम के पास होगा।

प्रशासक
2/6/26

संविदा के आधार पर सेवा देने के इच्छुक अभ्यर्थी हेतु बायो-डाटा का प्रपत्र

नवीनतम फोटो

1. आवेदित पद का नाम –

2. आवेदक का नाम –

3. मोबाईल नं० –

4. पिता / पति का नाम –

5. पत्राचार का पत्ता –

6. जन्म तिथि –

7. दिनांक 01.01.2026 को उम्र – .... वर्ष, ... माह, ... दिन

8. आरक्षण कोटि –

9. विभाग / संस्थान का नाम जहाँ कार्यरत हैं / थे –

10. शैक्षणिक योग्यता –

11. कार्यानुभव –

आवेदक का हस्ताक्षर